तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024





## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# आज से शारदीय नवरात्र की शुरूआत, प्रज्ज्वलित होंगे हजारों आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आदिशक्ति पीठ मां दंतेश्वरी दरबार में आज से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो रही है। ग्यारह अक्टूबर को यह पावन पर्व संपन्न होगा। इसके लिए प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली है। शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ हजारों की संख्या में दीप प्रज्ज्वलित होंगे। आस्था का यह महापर्व पूरे नौ दिनों तक शबाब में रहेगा। लिहाजा मेनका डोबरा में कई कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। जय स्तंभ चौक से पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

### हजारों की संख्या में निकले पदयात्री

■ सात समंदर पार के भक्तों ने दिखाई अपनी आस्था

नवरात्र के पावन पर्व में मां की एक झलक पाने और अपनी मनोकामना लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा के लिए निकल पड़े है। श्रद्धालुओं का जत्था दो दिन पूर्व से जगदलपुर से नवरात्र के पहले दिन दर्शन के लिए निकल चुका है। वहीं बचेली मार्ग से भी सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने पैदल निकल चुके है।

### 500 जवानों की तैनाती

इस महापर्व को शांति से संपन्न करने के लिए एक ओर प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ रही है, तो दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने भी इसकी तैयारी व्यापक रूप से कर ली है। दक्षिण बस्तर के तीन जिले सुकमा, बीजापुर व दंतेवाड़ा के कुल 500 की संख्या में जवानों की तैनाती चप्पे चप्पे में रहेगी। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है।



### विदेशों में भी भक्त, जलवा रहे दीप

आस्था के इस महापर्व में एक ओर राज्य ही नहीं देश के भक्त अपनी आस्था के दीप प्रज्ज्वलित कराएंगे। तो वहीं सात समंदर पार विदेश से भी भक्त अपनी मनोकामना के दीप जलवाएंगे। इस बार आस्ट्रेलिया तथा यूएसए के टेक्सास से भी भक्तों ने दीप प्रज्ज्वलन के लिए पर्ची कटवाया है। ज्योति कलश भवन में इनके नामों के भी दीप जलाए जाएंगे।

# बस्तर हाफ मैराथन में राज्य के हजारों धावकों ने दिखाया दम

## आशुतोष और रुक्मणी ने मारी बाजी, पुरुष वेटरन में किशन केसरिया ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसी भी प्रतियोगिता में जीत-हार से भी बड़ी उपलब्धि स्पर्धा में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है और इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी बधाई के हकदार हैं। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरणदेव ने पीजी कॉलेज धरमपुरा के परिसर में खेल एवं युवा कल्याण और छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में आयोजित बस्तर हॉफ मैराथन में शामिल प्रतिभागियों को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से कही। बस्तर हॉफ मैराथन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के करीब 1500 प्रतिभागी धावकों ने हिस्सा ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ स्पर्धा में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सबसे बड़ी उपलब्धि : किरण



### छात्राओं ने लोकनृत्य की दी प्रस्तुति

इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय घाटपदमूर तथा हॉयर सेकण्डरी स्कूल तितिरगांव के छात्राओं ने बस्तर की पारंपरिक लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर प्रतिभागी धावकों तथा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष श्रीनिवासराव मद्दी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित आईजी सुंदरराज पी, एसपी शलभ सिन्हा और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही जिला एथलेटिक्स संघ एवं अन्य खेल संघों के पदाधिकारी एवं सदस्य, खेल प्रशिक्षक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में धावकों के अलावा खेलप्रेमी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



### बस्तर में होगा नेशनल मैराथन का आयोजन

छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जीएस बाम्बरा ने बताया कि बस्तर हॉफ मैराथन को यहां आयोजित करने का उद्धेश्य बस्तर अंचल के प्रतिभशाली धावकों को अवसर प्रदान करने सहित दूर-दराज ईलाके के प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। बस्तर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बल्कि इन प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है। आज यहां पर बड़ी संख्या में उत्साहित धावकों को देखकर भविष्य में इस दिशा में बेहतर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ नेशनल मैराथन स्पर्धा बस्तर में आयोजित करने की प्रयास करेगी।

### पीजी कॉलेज में दिखा अलग नजारा

बस्तर के सबसे पुराने कॉलेज परिसर धरमपुरा में बुधवार सुबह अलग ही नजारा देखने को मिला जहां छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों से हजारों धावकों की मौजूदगी से खेलप्रेमी दर्शक भी काफी उत्साहित थे। इस दौरान अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया। वहीं स्पर्धा के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को मैडल एवं सम्मान निधि का चेक प्रदान किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चयनित प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# 10 साल पहले देश कर्ज में रहा, आज दूसरों की मदद कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ भाजपा की संभाग स्तरीय संगोष्ठी में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से महात्मा गाँधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक मनाये गये सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत बुधवार को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार



टाऊन हाल में संभाग स्तरीय संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। देव ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में भारत ने विकास व आत्मनिर्भरता में ऊचाइयों को छुआ है। उनके ठोस निर्णय व दूरदर्शी नीति से ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा 10 साल पहले देश कर्ज में डूबा रहा,आज विश्व के अनेकों देशों की मदद करता है। चाहे वह कोरोना काल मे देश के 140 करोड़ देशवासियों को समय पर वैक्सीन उपलब्ध करा कर जीवन रक्षा करने महत्वपूर्ण कदम ▶▶| शेष पेज 12 पर

# अवैध लौह तस्करी करते दो वाहन सहित एक पोकलेन पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ एक ट्रक का सौदा दो लाख रुपए में

अवैध लौह तस्करी करते दो वाहनों को पकड़ने में जिला पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। बुधवार की तड़के सुबह दंतेवाड़ा पुलिस ने घेराबंदी कर दो ट्रक सहित चार लोगों को पकड़ा। पकड़े गए दोनों ट्रक जिले से बाहर के है, इन ट्रकों में भरकर अवैध लौह अयस्क



जगदलपुर जा रहा था। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एनएमडीसी किरंदुल से ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बाइक से की जा रही थी रेकी

किरंदुल के एमबी साइड से अवैध लौह अयस्क लोडिंग कर दो ट्रक जगदलपुर के लिए रवाना हुए थे। दोनों ट्रकों में ओवरलोड अयस्क भरे हुए थे। अवैध रूप से परिवहन करते किरंदुल से पालनार होते हुए दंतेवाड़ा फिर जगदलपुर उक्त माल को पहुंचाया जाना था। इन वाहनों को बचेली निवासी जलंधर बाइक से रेकी करते हुए आ रहा था। इसी बीच पातरराास में जलंधर पुलिस के हत्थे चढ़ गया और यह पूरा माल उसका होना बताया।

EXCLUSIVE FESTIVE OFFER
Celebrate the festive season with a splendid offer until Deepawali
&
Receive Free 10g Gold Coin with every Confirmed Bookings of Residential Plots




Draw Winner Gets a
MARUTI SWIFT ZXI+ CAR

LUCKY DRAW
14 JANUARY 2025

BK
GREEN WOODS
Kumharawand
Premium Residential Plots
Complete With all Facilities & Amenities

BANK FINANCE AVAILABLE FROM
› Chhattisgarh Rajya Gramin Bank
› UCO Bank







Contact Numbers
9244144694
07782-358085

PROPRIETOR
DHANESHWAR PANDEY & VIJAY PANDEY







Sales & Marketing By :
NEELIMA BUILDERS

ADDRESS
Near Shiv Mandir, Chitrakot Road, Dharampura, No-1, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh
e-mail : greenwoodsgreen@gmail.com | website : www.bkgreenwoods.com

## खबर संक्षेप

### ज्येष्ठ नागरिकों ने गांधी-शास्त्री को किया याद



**जगदलपुर।** ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने बताया है कि बुधवार 2 अक्तूबर को संघ कार्यालय बापू की कुटिया में गांधी और शास्त्री की जयंती सादगी पूर्ण ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान गांधी की का प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए गया गया। तत्पश्चात् लोगों ने अपने विचार रखे और देश की आज़ादी में गांधी की भूमिका और देश के प्रधानमंत्री के रूप में स्व.लाल बहादुर शास्त्री देश के प्रति योगदान को लोगों के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम में भारत लाल गुप्ता, जगत सिंह ठाकुर, निशा अवस्थी, कमलेश मंडन, नरेंद्र पाढ़ी, संजय दुबे, देवेंद्र देवांगन, ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। आभार राजेंद्र पांडेय ने व्यक्त किया।

### लता मंगेशकर की मनाई गई जयंती



**जगदलपुर।** संगीत संस्था मेरी आवाज मेरी पहचान म्यूजिकल ग्रुप ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती स्थानीय लागू वाटिका में मनाई। कलाकारों ने उनके सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में दीपक वाधवानी, आरपी पाल, एमबी मंजुषा, एमवी बिंटूमोन, अशा सोनी, आभा सामदेकर, नरेश संकट, एलपी सोनी, दीपलता उइके, संगीता सिंह, शैलेन्द्र सिंह, शिवप्रकाश सीजी, भास्कर पांडेय ने गीतों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि पार्षद दीप्ति पांडेय व अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल थे। संचालन अभय सामदेकर व आभार मंजू पाल ने माना।

### स्वच्छता ही सेवा, संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का समापन

# प्रधानमंत्री ने देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाया : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को मिशन

- प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी गई चाबी

के रूप में अपनाकर देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाया है। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा हर वर्ष मनाया जाता है जिसका समापन महात्मा गांधी की जयंती के दिवस पर किया जाता है, महात्मा गांधी के विजन में भी स्वच्छता भी एक विषय रहा। बुधवार को विधायक देव टाउन हॉल में आयोजित स्वच्छता ही सेवा, संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, महापौर श्रीमती सफिरा साहू, श्रीनिवास राव मद्दी, रूपसिंह मंडावी, विद्याशरण तिवारी, यशवर्धन राव, योगेंद्र पांडे, नरसिंह राव, संजय पांडे, पार्षदगण, जिला पंचायत के सदस्य, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ प्रकाश सर्वे, आयुक्त हरेश मंडावी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, अधिकारी, स्कूली बच्चे उपस्थित थे। महापौर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आज समापन समारोह है। घर के आसपास से शुरू कर वार्ड, नगर, जिला-प्रदेश को स्वच्छ रखें, स्वच्छ भारत मिशन के तर्ज पर स्वच्छता से संबंधित कार्यकर छत्तीसगढ़ और जगदलपुर को स्वच्छ रखने के लिए प्रयास किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत बस्तर जिले को भी स्वच्छ और सुंदर रखने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में स्वच्छता से संदेश देने के लिए स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाटक की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में आवास योजना के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक आवास की चाबी और आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके अलावा चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, कविता वाचन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छता पर आधारित मॉडल प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और नृत्य नाटक के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने स्कूली बच्चों द्वारा लगाई गई मॉडल प्रदर्शनी, रंगोली और पेंटिंग प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



## आत्मा को परमात्मा से मिलाने का माध्यम हैं योग : महेश कश्यप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बुधवार को पांच दिवसीय योग साधना शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जीवन में योग का विशेष महत्त्व हैं, योग से शरीर स्वस्थ्य होगा तो ही हम सुखी होंगे, यही नहीं योग इससे कहीं ज्यादा हैं और ये आत्मा को परमात्मा से मिलाने का माध्यम भी हैं। जलाराम मंदिर के हॉल में चल रहे पांच दिवसीय योग साधना शिविर का बुधवार को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में सांसद का स्वागत शाल, श्रीफल से किया गया। योगाचार्य ने उन्हें मुंगेर से प्रकाशित योग साहित्य भेंट किया।

शिवम् योग समिति के अध्यक्ष किशोर पारख ने सभी साधकों का स्वागत करते हुए बिहार योग की विशिष्टता को रेखांकित किया। हर उम्र और हर वर्ग के लिये योग के भिन्न लाभकारी आसन आदि का प्रावधान हैं। मुख्य शिविर में व अन्य शिविरों में हजार से ज्यादा लोगों ने योगाभ्यास किया।

योग साधना शिविर में आयोजक समिति व ट्रस्ट के महेंद्रकांत सांगानी, प्रमोद मोतीवाला, टोकन शर्मा, खेम यादव, प्रकाश चावड़ा, अनिल पटेल, राकेश दुबे, तरुण राठी, सुनील जैन, मुरारी रायकवार, चंद्रप्रकाश देवांगन, श्रीमती अरुणा जोबनपुत्रा, सुनीता उमरवैश्य, सुनीता शर्मा, उषा रायकवार, हरी शुक्ला, हेमंत पाटनी, रमेश उमरवैश्य, चंद्रशेखर व अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क यात्रा कराएं : आरटीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार एवं परिवहन विभाग रायपुर के आयुक्त के मार्गदर्शन पर बस्तर संभागीय मुख्यालय में बुधवार

- बस संचालकों को दिया एक सप्ताह का समय, उसके बाद होगी कार्रवाई

को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कार्यालय में बस ऑपरेटरों की बैठक ली। इसमें बसों का किराया दर, बस में पैनिक बटन व्हीएलटी डिवाईश लगाने, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों दर प्राप्त व्यक्तियों को निःशुल्क यात्रा कराए जाने हेतु बस ऑपरेटरों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल मीटिंग कराए जाने का निर्देश दिया।

साथ बताया कि शहर के बस स्टेंड सहित एक दर्जन स्थलों में बस का किराया सूची चिपकाई जाएगी, जिससे यात्रियों को परेशानी नहीं हो सके। बस संचालकों को एक सप्ताह का समय दिया कि वे बसों में दिए गए निर्देश का पालन करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आरटीओ डीसी बंजारे, उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल, अधीक्षक नरेश संकट, बस ऑपरेटर गोपेन्द्र सिंह चौहान, हर्ष गुप्ता, संजय गुप्ता, गणेश गुप्ता, नितीन तिवारी आदि शामिल रहे।



### सूची नहीं होने पर हो रहा विवाद

बसों में किराया सूची नहीं होने के चलते यात्रियों को बिना टिकट के ही किराया की राशि ले रहे हैं, जिससे सफर के दौरान यात्री एवं परिचालक के साथ विवाद भी हो रहा है। यात्री बसों के परिचालकों की मनमानी चल रही है। विरोध करने वालों को रास्ते में ही उतारने एवं वाद-विवाद की शिकायतें बढ़ गई है।

### उड़नदस्ता को दिए निर्देश

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि उड़नदस्ता प्रभारी को निर्देश दिया कि बसों की जांच करें। नियमानुसार और बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं होने पर बस संचालकों पर सख्ती कार्रवाई की जाए।

## आप का लक्ष्य प्रत्येक बूथ, एक सौ यूथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम आदमी पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर एक बूथ सो यूथ के लक्ष्य को लेकर आप नेता समीर खान की उपिस्थिति में पार्टी व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर के सुभाष वार्ड और वीर सावरकर वार्ड पहुंचकर जन सम्पर्क अभियान चालाया। इस दौरान सदस्यता अभियान चलाकर स्थानीय लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलवाई। आप नेता समीर खान ने कहा कि, पार्टी सदस्यता अभियान में आम जनता का हमें भरपूर सहयोग व समर्थन मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है,और पार्टी की विचारधारा से खुश होकर सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।



खान ने कहा कि, आम आदमी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए राजनीति पद प्राप्ति का साधन नहीं अपितु हमारा ध्येय देश एवं समाज की सेवा करना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि, आम आदमी पार्टी से जुड़ने वाले सभी सदस्य समर्पित सिपाही की तरह अपने छेत्र वह राष्ट्रहित के लिए कार्य करेंगे।

इस दौरान राकेश कश्यप , सुभम सिंह, शिवा स्वर्णकार, उत्तम कुमार नाग,नवनीत सराते, फूलमती कुडियाम व अन्य साथी उपास्थित थे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

## पीएचई कार्यालय में ली स्वच्छता की शपथ



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रसारित निर्देश के परिपालन में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर परिक्षेत्र के मुख्यालय स्थित परिक्षेत्र, मंडल एवं खण्ड कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व को जीवन में व्यापक रूप से अपनाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु संकल्पित होकर शासन से प्राप्त प्रारूप अनुसार शपथ ग्रहण करवाया गया। साथ ही समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मिलकर अपने कार्यालयीन कक्षों एवं कार्यालय परिसर की सफाई की। इसके अलावा मुख्य अभियंता एचआर मर्सकोले द्वारा शपथ दिलाई गई।







पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124